सार-समाचार

स्वदेशी संकल्प दौड़ सम्पन्न

ब्यावर (निसं) स्वदेशी जागरण मंच जिला ब्यावर की स्वदेशी संकल्प दौड का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला संयोजकमोहन सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम जिला कलक्टर कार्यालय परिसर से रैली प्रारम्भ की गई। इस रैली को अनिल कुमार शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी समठा शिक्षा, ताराचंद जांगिड वरिष्ठ व्याख्याता डायट मसूदा, गोविन्द सैनी, गोपाल सिंह आपावत, नरेन्द्र कुमार सोनी, कैलाश चंद वर्मा जिला समन्वयक,जिला सह संयोजक सुरेश फूलवारी थे। हरी झंडी दिखा करके स्वदेशी संकल्प दौड़ को रवाना किया गया। स्वदेशी संकल्प दौड़ कोर्ट परिसर भारतीय स्टेट बैंक सुभाष चंद्र बोस सर्कल,अजमेरी गेट से होते हुए भगत चोराहां से पटेल स्कूल में समापन किया गया। सम्मान समारोह में रविशंकर पारीक ने अपने ऊबोधन में कहा की आज स्वामी विवेकानन्द जयन्ति को पूरा देश अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मना रहे हैं। विवेकानन्द ने कहा कि उठो , जागो और तब तक मत सको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। यही संदेश आज की इस स्वदेशी संकल्प दौड़ का भी है। युवा चेतना के प्रतीक थे जिसने दुनिया को बताया कि भारत केवल भूतकाल नही , भविष्य भी है''मुझे सौ ऊर्जावान युवा दे दो मैं भारत का भाग्य बदल दूंगा।''आज इस मैदान में हजारो युवा खडे हैं-सोचिए,भारत कितना शक्तिशाली देश बन सकता है।अनिला कुमार शर्मा जि.शि.अ. ने कहा कि स्वदेशी केवल देशी सामान खरीदना नहीं हैं स्वदेशी का अर्थ देश पर विश्वास,अपने श्रमिकों पर विश्वास, अपने उद्योगो पर विश्वास,और अपने भारत पर विश्वास। जब हम किसी विदेशी वस्तु खरीदते हैं, तो हम किसी और देश को मजबूत करते हैं। लेकिन जब हम स्वदेशी अपनाते है, तो हम अपने देश को मजबूत करते हैं।दौड़ केवल शरीर की नहीं, संकल्प की यह दौड़ पैरो से नही देश भक्ति के दिल से दौड़ी जा रही है।इस कार्यकम में रोहित जैन, प्रधानाचार्या सुनिता चौधरी, गुरुशरण गोयल प्रधानाचार्य, सुमन बाला सैनी, नगर संयोजक बलराज सिंह राठौड, मनीष सिह जनागल, मुरली मनोहर जाटव , सुमित फौजदार, भगवान सिंह चौहान,राजेश परिहार, अमिताभ, किशन प्रजापत, अलका महावर, रश्मि गुर्जर,राधा चौहन, सीमा व्यास, मुकेश प्रजापत, भावना भारद्वाज व रेणू सैनी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन ताराचंद जांगिड़ ने किया।

उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपा

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। किशनगढ़ मार्बल एसोसिएशन ने आर के कम्युनिटी सेंटर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात कर मार्बल ठोनाइट पर 5 प्रतिशत जीएसटी कराने की मांग की है।अध्यक्ष सुधीर जैन के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने जरिये ज्ञापन अवगत कराया की जीएसटी अधिक होने से व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही अध्यक्ष जैन ने बरसात के कारण कई जगहो पर क्षितठास्त मेगा हाइवे किशनगढ़-हनुमानढ़ को शीघ्र दुरस्त कराने की मांग की। इसके अलावा मार्बल व ठोनाइट की नई ईकाईया लगाने के लिये रिको के पास जमीन उपलब्ध नहीं होने का हवाला दिया। उन्होंने बताया की रिको के पास जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण रहीमपुरा, मोहनपुरा, खातौली अवस्थित कृषि भूमि को औद्योगिक भूमि में रूपान्तरित करवाकर उद्योग स्थापित कर दिये है, किंतु इन ईकाइयों को रीको की तरह आधारभूत सुविधायें उपलब्ध नहीं हो पा रही है। रहीमपुरा, मोहनपुरा व खातौली क्षेत्रों में संचालित हो रही इकाइयों तक सुगम पहुंच के लिए सड़कें नहीं है, उक्त औद्योगिक क्षेत्रों में सरकार अच्छी क्वालिटी की सड़कें बनाकर व्यापारियों को राहत दी जाये। शिष्टमण्डल में अध्यक्ष सुधीर जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश चाण्डक, उपाध्यक्ष महावीर कोठारी (धरतीधन), महासचिव शशिकान्त पाटोदिया, संगठन सचिव नानूराम चौधरी उपस्थित रहे।

वर्गवार वर्गीकरण के संबंध में शुद्धि पत्र जारी

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अभियंता के कुल 1014 पदों पर भर्ती के लिए जारी विज्ञापन संख्या 10/2024-25 के क्रम में शुद्धि पत्र जारी किया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि कार्मिक (क-4/2) विभाग के पत्र अनुसार सार्वजनिक निर्माण विभाग में सहायक अभियंता के पदों की संख्या में निम्नानुसार वृद्धि की गई है। सहायक अभियंता (सिविल)- पूर्व विज्ञापित 125 पदों में 15 पदों की वृद्धि के साथ अब कुल 140 पद। सहायक अभियंता (विद्युत) - पूर्व विज्ञापित 20 पदों में 7 पदों की वृद्धि के साथ अब कुल 27 पद। उपरोक्त पदों का वर्गवार वर्गीकरण आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर शुद्धि पत्र संख्या 16/2025-26 के रूप में उपलब्ध करा दिया गया है। संबंधित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर इसका अवलोकन कर सकते हैं।

मरणोपरांत नेत्रदान कराया

मदनगंज-किशनगढ,(निस)। माहेश्वरी पंचायत संस्था की प्रेरणा से प्रेरित मृतका के परिजनों ने जरूरतमंद को नेत्र ज्योति उपलब्ध कराने के उदेश्य को लेकर दु:खद घड़ी में नेत्रदान कराया। समाजसेवी निकेतन आगीवाल की बिटिया आहना का आकस्मिक निधन हो गया। परिजनों ने सहज भाव से पुनीत कार्य में भागीदारी सुनिश्चित करते हुए नेत्रदान कराने पर सहमति जताई। नेत्रदान प्रक्रिया आई बैंक सोसाइटी से डॉ भरत शर्मा व डॉ कुलदीप शर्मा ने संपन्न कराई। आगीवाल परिवार से रामरतन, राजेश, बनवारी, शुभम, धर्म, तेजकरण सोनी, गोपाल दरगड, दीपक बाहेती मौजूद रहे। प्रकल्प प्रभारी देवकीनंदन लखोटिया, राजकुमार कासट, सुधीर लखोटिया, राजकुमार बांगड़ ने सहयोग किया।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार

अजमेर, (कासं)। दिगंबर जैन महासमिति अजमेर के द्वारा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आभार पत्र दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश जैन पत्नी के नेतृत्व में जिलाधीश के द्वारा भेजा गया। प्रकाश जैन ने बताया कि जबलपुर से रायपुर एक्सप्रेस का नाम मूकमाटी एक्सप्रेस रखा गया। मुख माटी आचार्य विद्यासागर महाराज के द्वारा रचित महाकाव्य है जिस पर कई जैन विद्यार्थियों के द्वारा शोध किया गया है और कई यूनिवर्सिटी में पढ़ाई जा रही है जैन समाज के लिए गर्व की बात है की ट्रेन संख्या 11702 जबलपुर रायपुर एक्सप्रेस का नाम इस ठांथ के ऊपर रखा गया है। अश्विनी वैष्णव व रेल मंत्रालय का अजमेर दिगंबर जैन महासमिति के पदाधिकारी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। आभार व्यक्त करने वालों में अरुण सेठी, मनीष सेठी, प्रदीप चाटनी, राजेंद्र, अजय दोषी, अतुल गंगवाल, शामिल रहे।

पुष्कर में श्रद्धालुओं का सैलाब

अजमेर/ पुष्कर। धार्मिक नगरी पुष्कर में 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर ब्रह्मसरोवर में स्नान और दान-पुण्य का विशेष महत्व है। पर्व से एक दिन पूर्व ही श्रद्धालुओं का पुष्कर आगमन शुरू हो गया है। सनातन धर्म के अनुसार जब सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तब मकर संक्रांति पर्व मनाया जाता है। इस दिन तीर्थों में स्नान करने से पुण्य लाभ की मान्यता है। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

मनाया लोहडी पर्व

ब्यावर (निसं) श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल वर्द्धमान रूट्स स्कूल में मंगलवार को लोहड़ी व मकर संक्रांति का पर्व उत्साह, उमंग के साथ मनाया गया। वर्द्धमान रूट्स में लोहड़ी और मकर संक्रांति का उत्सव रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सुबह से ही स्कूल प्रांगण पारंपरिक संगीत, रंग-बिरंगे परिधानों और उत्सवी माहौल से गुलज़ार रहा। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक लोकगीतों से हुई। परिसर में लोहड़ी की अग्नि की सजावट की गई, जहाँ बच्चों ने रेवड़ी, मूंगफली अर्पित कर परंपरा निभाई। इस अवसर पर सभी शिक्षिकाएँ पारंपरिक पंजाबी पहनावे में बेहद आकर्षक और मनमोहक रूप में नज़र आए, जिससे पूरे कार्यक्रम में उत्सव की चमक और बढ़ गई।

सादुलपुर में मिला घायल दुलर्भ वन्य जीव

सादुलपुर। सादुलपुर कस्बे के चौधरी कॉलेज के पास मंगलवार को एक दुलर्भ वन्य जीव इंडियल ईगल ऑउल मिलने का मामला सामने आया है। दोपहर तीन बजे मिली जानकारी के अनुसार वहीं दुलर्भ वन्य जीव इंडियल ईगल ऑउल के मिलने पर चौधरी कॉलेज के कार्मिक कुलदीप ने सामाजिक कार्यकर्ता एवं पक्षी प्रेमी तथा विंग्स एनजीओ अध्यक्ष सुमेर सिंह सिहाग गुलपुरा को सूचना दी। जिस पर सिहाग मौके पर पहुंचे, जिन्होंने करंट से घायल दुलर्भ वन्य जीव इंडियल ईगल ऑउल का रेस्क्यू कर उपचार हेतु वन विभाग राजगढ को सुर्पूद कर दिया।

'मकर सक्रांति पर्व पर पतंगबाजी के दौरान बिजली-लाइनों से दूरी बनाए रखें'

■ पतंगबाजी के दौरान सावधानी बरतने की अपील

अजमेर, (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम ने पतंगबाजी के दौरान होने वाले हादसों से बचने के लिए सुरक्षा उपाय साझा करते हुए , आमजन व उपभोक्ताओं से सावधानी की अपील की है। अजमेर डिस्कॉम के एमडी के पी वर्मा ने बताया की अक्सर बिजली लाइन के आसपास पतंग उड़ाने के दौरान बिजली दुर्घटनाओं के प्रकरण देखने में आते है ।

निगम ने सबसे, पतंगबाजी के दौरान सावधानी बरतने की अपील की है। किसी भी व्यक्ति को बिजली लाइन के संपर्क में आने के संभावित खतरे को कम नहीं आंकना चाहिए। पतंग, चाईनीज़ माँझे व अन्य माँझे / धागे के बिजली की लाइन छूने पर करंट, पतंग उड़ानेवाले व्यक्ति तक पहुंच सकता है। पतंग का माँझा / धागा आदि बिजली का संचालन करने में सक्षम नहीं हैं , लेकिन बिजली लाइन का वोल्टेज बहुत अधिक होता है, और थोड़ी सी नमी भी कंडक्टर के रूप में कार्य कर सकती है। यहां तक कि थोड़ी सी धातु भी बिजली से गुजरने में सहायक हो सकती है, विशेष रूप से उच्च वोल्टेज जो उच्च प्रतिरोध से गुजर सकती है। यह किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए काफी है।

मकानों के पास से गुजर रही बिजली की लाइनों के आसपास पतंग उड़ाते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। यदि बिजली के तारों या उपकरणों में पतंग या डोर फंस जाए तो धातु जैसे लोहे-एल्यूमिनियम के पाइप, सरिए या गीली लकड़ी से हटाने का कतई प्रयास नही करें। हल्की धातु से बनी हुई पतंग और धातु/मेटल पाउडर कोटेड मांझे का उपयोग बहुत खतरनाक साबित हो सकता है।

लोहड़ी व मकर संक्रांति पर तिल-गुड के व्यंजनों से महके बाजार

■ गजक और रेबडी की दुकानों पर उमडी खरीदारों की भीड

अजमेर । सर्द मौसम के साथ लोहड़ी और मकर संक्रांति पर्व ने शहर के बाजारों में रौनक ला दी है। तिल और गुड़ से बने गजक, रेबड़ी, तिलपट्टी और लड्डुओं की खुशबू से बाजार महक उठे हैं। मंगलवार को लोहड़ी और बुधवार को मकर संक्रांति के अवसर पर तिल, गुड़ और मूंगफली से बने व्यंजनों की जमकर खरीदारी हुई। धार्मिक और स्वास्थ्य दोनों दृष्टि से तिल व गुड़ को अत्यंत लाभकारी माना जाता है। मकर संक्रांति पर तिल-गुड़ के व्यंजनों का दान-पुण्य का विशेष महत्व है, इसी कारण सर्दी के मौसम में इनकी मांग चरम पर रहती है। शहर के पड़ाव, मदार गेट, नया बाजार, वैशाली नगर, रामगंज, शास्त्री नगर, आदर्श नगर, नगरा, अलवर गेट और माखुपुरा सहित अनेक क्षेत्रों में गजक की दुकानें सजी नजर आईं। अजमेर में बनने वाली गजक और तिल-गुड़ के व्यंजनों की मिठास देश-प्रदेश ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों और विदेशों तक प्रसिद्ध है। शहर में लगभग 200 से अधिक दुकानें गजक और तिलपट्टी के निर्माण व बिक्री से जुड़ी हैं। सर्दी के मौसम में करीब पांच हजार किलो तिल और गुड़ से बने व्यंजनों की बिक्री होती है।

केसरगंज गोल चक्कर स्थित प्रसिद्ध गजक भंडार पर पिछले 70 वर्षों से तिल-गुड़ के व्यंजनों की परंपरा चली आ रही है। बाबूलाल जैन द्वारा शुरू की गई इस विरासत को अब उनकी तीसरी पीढ़ी आगे बढ़ा रही है।

आम सूचना

मेरे ससुर सुगना पुत्र नारायण जाति दरोगा निवासी ग्राम भामोलाव की मृत्यु दिनांक 24.03.1993 को मेरे निवास स्थान ग्राम भामोलाव में हो गई थी जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत भामोलाव में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे ससुर सुगना का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी- मोहिनी देवी पत्नि रतन सिंह, मु.पो. भामोलाव तहसील अरांई, अजमेर

LSG/BEAWAR/MUT/169011
DATE :- 10.01.2026 रजि बेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/11007 दिनांक-13-01-26

सार्वजनिक सूचना

श्री कमल किशोर पुत्र श्री नारायण लाल निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 6/अक्षय कॉलोनी गणेशपुरा खसरा नं. 11 व 12 प्लाट नं. 06 का पश्चिमी भाग प्रा नं. 06-बी का भाग पश्चिमी भाग प्रा नं. 06-बी-02 क्षेत्रफल 84.17 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री भंवरलाल उर्फ भंवरू व श्री नाथूलाल पुत्र श्री धन्ना जी व श्री रामचन्द्र पुत्र श्री गणेश जी के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा दिनांक 18.02.1997, 28.10.2022, 30.05.2024, 17.04.2025 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अत: इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।

- आयुक्त, नगर परिषद ब्यावर

अग्नि पूजन के साथ मनाया उत्सव

अजमेर । शहर में मंगलवार को सिख समाज द्वारा लोहड़ी पर्व पारंपरिक उल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। श्री गुरु तेगबहादुर सत्संग सभा धोलाभाटा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों में कीर्तन दरबार सजा और लोहड़ी जलाकर अग्नि को गुड़, रेवड़ी, मूंगफली और अन्य प्रसाद अर्पित किए गए। शहर के रानाडे मार्ग, वैशाली नगर, शास्त्री नगर, गंज, अलवर गेट, आदर्श नगर सहित कई क्षेत्रों में ढोल और डीजे की धुनों पर समाज के लोगों ने नृत्य कर पर्व की खुशियां मनाईं। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने पारंपरिक गीत प्रस्तुत किए।

नवविवाहित जोड़ों और नवजात बच्चों की पहली लोहड़ी भी विशेष रूप से मनाई गई।

अरावली संरक्षण के लिए विद्यार्थियों का सशक्त प्रदर्शन

■ तख्तियां हाथों में लेकर निकाली जन-जागरूकता रैली, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

अजमेर । अरावली पर्वतमाला के संरक्षण की मांग को लेकर मंगलवार को अजमेर में छात्र-छात्राओं ने सडक़ों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। अरावली बचाओ अभियान के तहत विभिन्न सामाजिक संगठनों, पर्यावरण प्रेमियों तथा स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर रैली निकाली।

रैली की शुरुआत आजाद पार्क से हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां विद्यार्थियों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर नारेबाजी की तथा जिला कलेक्टर लोकबंधु को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अरावली पर्वतमाला के संरक्षण की मांग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अरावली की सीमित परिभाषा से जुड़े निर्णय को निरस्त करने की अपील की गई।

रैली में शामिल जनप्रतिनिधि एवं संगठन प्रतिनिधि नरेंद्र तुनवाल ने बताया कि अरावली की गोद में पूरा राजस्थान सुरक्षित है। इसके साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ से पर्यावरणीय असंतुलन और व्यापक विनाश की आशंका है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के 20 नवंबर 2025 के निर्णय में अरावली को ऊंचाई और विस्तार की सीमा में बांधने का प्रयास किया गया है, जो अत्यंत चिंताजनक है। भले ही इस निर्णय पर फिलहाल रोक लगी हो, लेकिन अरावली को सीमित करने की सोच पर्यावरण के लिए घातक है।

विद्यार्थियों ने कहा कि खनन गतिविधियां पहले से जारी हैं और इसके चलते अजमेर सहित आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। इससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने अरावली को बचाने को आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जोड़ा।

देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां

ब्यावर (निसं) राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती पर विवेकानंद केंद्र शाखा के रीको सेकंड स्थित कार्यालय पर संगीतमय देशभक्ति गीत गान का कार्यक्रम आयोजित हुआ। समापन पर अभिमन्यु गहलोत के साथ सभी ने सामुहिक रूप से सम्पूर्ण वंदेमातरम और भारत माता की आरती का गायन हुआ। रितेश भैया ने स्वदेश मंत्र का संकल्प दोहरान कराया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की जे पी नगर योजना आवासगृह संख्या 301 व 311 सेक्टर प्रथम प्रत्येक क्षेत्रफल 45 वर्गमीटर के आवंटी श्रीमती विशनी देवी पत्नि स्व. श्री रामचंद जी लालवानी निवासी 311 जे पी नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 01/01/2026 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (अपंजीकृत दिनांक 31/12/2025) सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री निखलेश लालवानी पुत्र श्री नरेश लाल लालवानी निवासी 311 जे पी नगर, सेक्टर प्रथम, अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराये उक्त नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

- योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

द्वितीय राज्य स्तरीय व्यापारिक महाकुंभ-2026

ब्यावर (निसं) जिले के व्यापारिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ते हुए ब्यावर जिला व्यापार संघ, ब्यावर के तत्वावधान में 11 जनवरी 2026 को अजमेर रोड स्थित अमरकुंज गार्डन में आयोजितद्वितीय राज्य स्तरीय व्यापारिक चर्चा एवं महा सम्मेलन-2026 अत्यंत सफल, गरिमामय एवं परिणामोन्मुखी रूप से सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में लगभग 1200-1300 व्यापारिक प्रतिनिधियों, उद्योगपतियों, उद्यिमयों, प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मीडिया हाउस एवं सामाजिक संगठनों व व्यापार संघ के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स , गवर्निंग काउंसिल , कौर कमेटी , सलाहकार परिषद के पदाधिकारियो - ओमप्रकाश घीया , गजराज आचार्य , विजय लोंगांनी , दिनेश सावलानी , नवल सोमानी , राजेश गिदवानी , कमलेश भूतड़ा , प्रकाश कुंदनानी , वैभव घीया चार्टेड अकाउंटेंट , शेलेन्द्र कुमावत, कपिल भारती , राजेश भूतड़ा , विंनोद फुलवारी , विंनोद हरचन्दानी ,नेमीचंद सेन , वासुदेव खत्री , इन्दर जीत सिंह (मनी भाई) , किशोर साहू , कपिल तेजवानी , कमलेश गोलानी , संदीप सिंघल , संदीप अठावाल , किशोर टिलवानी सागर डायमंड्स जापान, शंकर लाल प्रजापति , गौरव सक्सेना , अंश जैन , प्रमुख विधि महासचिव कमल आचार्य एडवोकेट , अकरम खान एडवोकेट , शुभम आचार्य (लीगल एसोसिएट) , राकेश बोहरा , अमन श्री श्रीमाल , लक्की भारती , ललित भूतड़ा , जेनिष भारती , यशवन्त अवस्थी , अजय अवस्थी , राजू भाई , की उल्लेखनीय सहभागिता रही।संघ अध्यक्ष श्री संजय घीया ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि- यह सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यापारियों के अधिकार, सम्मान, सुरक्षा और भविष्य की दिशा तय करने वाला सशक्त संवाद मंच है। ब्यावर को राजस्थान का व्यापारिक केंद्र बनाने की दिशा में यह आयोजन एक निर्णायक पहल सिद्ध हुआ है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में व्यापारी सुरक्षा, जीएसटी, कर प्रणाली, बाजार व्यवस्था, नीतिगत सुधार, डिजिटल व्यापार, ई-कॉमर्स प्रतिस्पर्धा, महिला व युवा उद्यिमता, स्थानीय उद्योग, हस्तशिल्प एवं रोजगार सृजन जैसे विषयों पर खुला, सीधा और समाधानपरक संवाद हुआ। राज्य स्तरीय सम्मान समारोह कार्यक्रम में शिरकत करने आए जनप्रतिनिधियों, लोकसेवकों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं मीडिया जगत के प्रतिनिधियों का राजस्थानी परम्परा अनुसार राज्य स्तरीय सम्मान किया गया। सम्मानित अतिथियों में प्रमुख रूप से विधायक शंकर सिंह रावत, निवर्तमान सभापति नरेश कनोजिया, प्रख्यात समाजसेवी डॉ. राजीव जैन, समाजसेवी भामशाह घनश्याम भाई जगवानी (मम्मू भाई) , क्षेत्र के जाने माने मीडिया हाउस के गोविन्द शर्मा सहित अन्य - वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट नीलेश बुरड़, उद्योगपति शौकीन काठात, ब्यावर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश प्रजापत एवं टीम, को-ऑपरेटिव रजिस्ट्रार हीरालाल सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों को शॉल- मोती मणी मालाओं को पहनाकर कर सम्मानित किया गया। महा सम्मेलन मेंजिला प्रशासन, उपखण्ड प्रशासन, नगर परिषद, पुलिस प्रशासन, विद्युत, जन-स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, आयुर्वेद, खाद्य सुरक्षा, परिवहन, रेलवे, कर विभाग, जिला खुफिया विभाग, पुलिस प्रशासन , परिवहन , जीआरपी , आरपीएफ , सहित बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के साथ ही लोकप्रिय विधायक शंकर सिंह रावत, निवर्तमान सभापति नरेश कनोजिया, पत्रकार संगठन एवं विभिन्न मीडिया हाउस के प्रतिनिधियों , ने सहभागिता कर आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और ब्यावर जिला व्यापार संघ व उपस्थित व्यापारियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं - व्यापारिक एकता के लिए प्रेरणा दी । ओपन डिस्कशन एवं मेमोरेंडम--- सम्मेलन के दौरान विभिन्न व्यापारिक समस्याओं पर ओपन डिस्कशन हुआ,जिसके आधार पर व्यापारियों की प्रमुख मांगों एवं सुझावों का एक संयुक्त मेमोरेंडम तैयार किया गया,जिसे शीघ्र ही संबंधित प्रशासन एवं नीति-निर्माताओं को सौंपा जाएगा।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें व वसीयतनामें धारक की भी मृत्यु होने से उनके वारिसानों द्वारा संयुक्त रूप के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की बाल कृष्ण कौल नगर योजना के भूखण्ड संख्या 267 क्षेत्रफल 253 वर्ग मीटर के आवंटी/नामान्तरित श्री अजीत सिंह पुत्र स्व. श्री सरदार जोध सिंह, निवासी-112, बालकृष्ण कौल नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 9.10.2019 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा अंपजीकृत दिनांक 15.03.2017 सलंग्न कर श्री प्रीतपाल सिंह पुत्र स्व. श्री अजीत सिंह निवासी-112, बालकृष्ण कौल नगर अजमेर को निष्पादित किया गया। श्री प्रीतपाल सिंह पुत्र स्व. श्री अजीत सिंह निवासी-112 ,बालकृष्ण कौल नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 10.11.2022 को होने से उनके वारिसान श्रीमती उत्तम कौर पत्नी स्व. श्री प्रतीपाल सिंह, श्री सिमरपाल सिंह मलहोत्रा पुत्र स्व. श्री प्रतीपाल सिंह व कु. अमरीशा कौर पुत्री स्व. श्री प्रतीपाल सिंह द्वारा संयुक्त रूप से नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करायें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी,अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक : न.नि.अ/69क/2025-26/54 आपत्ति सूचना दिनांक-03.10.25

1. श्रीमती लक्ष्मी देवी टांक पत्नि श्री राजेश कुमार व पुत्री श्री लाल टांक 2. श्री राजेश कुमार पुत्र श्री सत्यप्रकाश निवासी लोहार मौहल्ला शीतला चौक रामसर अजमेर द्वारा प्रस्तावित स्थल ए.एम.सी. नं. 1/228 किश्चयनगंज अजमेर तहसील व जिला अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 122.46 वर्गमीटर है का नगर निगम अजमेर में धारा 69-ए के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व- 20 फीट रोड उत्तर - छासिस का मकान
पश्चिम- 12 फीट रोड दक्षिण - सुमित माहेश्वरी का मकान

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम की धारा 69-ए के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के नगर निगम के पक्ष में भूमि के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप/आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकता है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी भी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप/आपत्ति नहीं है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

-उपायुक्त, नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक : न.नि.अ/2025-26/भू.प./88 प्रारूप-10 नियम 6(7) देखिए दिनांक-13/01/2026

लोक सूचना

श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री श्रवण लाल शर्मा जाति जांगिड़ निवासी 5वी ग्रेम नगर फॉयसागर रोड अजमेर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति के निर्यापन के लिए आवेदन किया है, अर्थात्-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
तहसील व जिला अजमेर	हाथीखेड़ा	453,456,459,460,461,462,463	0.44 हेक्टर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1956 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति के निर्यापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी भी आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 13/01/2026 जारी की गयी।

- उपायुक्त, नगर निगम अजमेर

स्कूली बच्चों को दी भविष्य निर्माण की जानकारी

ब्यावर (निसं)स्वामी विवेकानंद जयंती पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अंधेरी देवरी में करियर डे मनाएं जाने के साथ कौशल मेले का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य भगवान सहाय जारोडिया ने बताया कि करियर डे पर बच्चों को उनके भविष्य निर्माण से संबंधित जानकारी दी गई और बताया कि किस प्रकार उस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। कौशल मेले के अंतर्गत कक्षा 9